Need to bring back Rampurva Bull and Lion Statue currently placed at Rashtrapati Bhawan and Victoria Memorial respectively to Rampurva, Bihar ? laid

श्री सुनील कुमार पिन्टू (सीतामढ़ी): मैं सरकार का ध्यान वाल्मीकिनगर लोकसभा अंतर्गत रमपुरवा अशोक स्तंभ के संबंध में आकृष्ट कराना चाहता हूँ। रमपुरवा जो गौनाहा प्रखंड में अवस्थित है। यहाँ पर महात्मा बुद्ध ने अपने केस (बाल) तथा बहुमूल्य वस्तुओं का त्याग किया था तथा यही से महात्मा बुद्ध वाल्मीकि नगर के जंगलों में सत्य की खोज में निकल गए थे। उनके इसी त्याग को दर्शाने के लिए सम्राट अशोक द्वारा सिंह के मुख वाले अशोक स्तंभ का निर्माण कराया गया था जो पूर्ण नहीं हो सका था। महात्मा बुद्ध के परिनिर्वाण के पर्याप्त साक्ष्य आज मौजूद है कि महात्मा बुद्ध ने अपने प्राणों का त्याग रामपुरवा में किया था, ना कि कुशीनगर में उनके परिनिर्वाण को दर्शाने के लिए सिंह के मुख वाले अशोक स्तंभ से 300 मीटर की दूरी पर वृषभ के मुख वाले अशोक स्तंभ का निर्माण कराया जा रहा था, जो अधूरा रह गया था। इस स्थान पर आज भी दोनों अशोक स्तंभ मौजूद है। आज के समय में रामपुरवा का वृषभ राष्ट्रपति भवन तथा सिंह कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल में है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि रामपुरा स्थित महात्मा बुद्ध से जुड़े अवशेष वृषभ राष्ट्रपति भवन तथा सिंह विक्टोरिया मेमोरियल में रखा गया है, इनको पुनः वास्तविक स्थान रामपुरवा में स्थापित किया जाए। इससे यहाँ पर आने वाले बौद्ध भिक्षुओं की संख्या में वृद्धि होगी तथा महात्मा बुद्ध के इस पवित्र भूमि को अंतर्राष्ट्रीय पहचान भी मिलेगी।